श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय आजमगढ़ में दिनांक 19/09/2025 को नवाचार क्लब के अन्तर्गत नाटक मंचन के माध्यम से छात्राओं को मानवीय मूल्यों का संदेश दिया गया। "थिएटर डॉक्टर नहीं बनाता, इन्जीनियर नहीं बनाता, वकील नहीं बनाता। थिएटर मनुष्य बनाता है।" इसी संदेश को केन्द्र में रखते हुए कोलकाता निवासी रंगकर्मी फलेन्द्र पंडित द्वारा लिखित एवं अभिनीत नाटक मंचन की प्रस्तुति महाविद्यालय प्रांगण में की गई।

उनकी यह रंगयात्रा विशेष रूप से युवाओं और छात्राओं के लिए प्रेरणादायक रही। उनका मानना है कि रंगमंच व्यक्ति के व्यक्तित्व, संवेदनशीलता, आत्मविश्वास और सामाजिक समझ को विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

नाटक के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक मूल्यों, आत्मचिंतन तथा व्यक्ति के भीतर छिपी मानवता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाता है।

19/09/2026

प्राचार्या
श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय
आजमगढ़

श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय, आज़मगढ़
संस्थागत नवाचार परिषद द्वारा आयोजित
एकल नाट्य कार्यक्रम
का आयोजन
प्राचार्य
प्रो. निशा कुमारी
प्रबन्धक
श्री सुधीर अग्रवाल

Sangam

सूचना

आप सभी शिक्षकगण से सादर अनुरोध है कि दिनांक 23/09/2026 को 1:30 बजे महाविद्यालय सभागार में संस्थागत नवाचार परिषद के तत्वाधान में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित किया गया है। अतः आप सभी शिक्षकगण ससमय सभागार में आने का कष्ट करें। एवं यह सूचना अपनी-2 कक्षा की छात्राओं को भी प्रेषित करने की कृपा करें।

Sapna

21/09/2026
प्राचार्या
श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय
आजमगढ़

Sangam

श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय, आजमगढ़ की संस्थागत नवाचार परिषद के तत्वावधान में छात्राओं के लिए कारियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 23/09/26 को किया गया। कार्यक्रम मे छात्राओं को अपनी रुचि, योग्यता और कौशल के अनुरूप कारियर चुनने तथा उपलब्ध रोजगार अवसरों की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य वक्ता ने बताया कि कारियर का चुनाव करते समय केवल प्रचलित विकल्पों पर निर्भर रहने के बजाय अपनी क्षमताओं को पहचानना और लक्ष्य के अनुसार तैयारी करना आवश्यक है। छात्राओं को उच्च शिक्षा, कौशल विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं और स्वरोजगार की संभावनाओं पर भी मार्गदर्शन दिया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० निशा कुमारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को भविष्य के बारे मे सोच समझकर निर्णय लेने मे सहायता करते हैं।

कार्यक्रम के अन्त मे छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाएँ साझा की और मार्गदर्शन प्राप्त किया।

[signatures]

23/09/2026
प्राचार्या
श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय
आजमगढ़

कैरियर काउंसलिंग का आयोजन
श्री अग्रसेन
महिला

“ सेवा संकल्प अभियान ”
कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन
श्री श्री 1008
महाराजा अग्रसेन जी
लोकतन्त्र अहिसा
एवं
समाजवाद के आदि प्रणेता
अग्रकुल प्रवर्तक
श्री अग्रसेन
महिला
महाविद्यालय
आजमगढ़